तू ही दुर्गा तू ही अम्बे तू ही शेरोंवाली | By Satish Kumar Vaishnav |

तू ही दुर्गा तू ही अम्बे
तू ही शेरोंवाली
असुरों से जग की रक्षा के लिए
बन गई तुम महाकाली

माता काली तेरी जय
झंडेवाली तेरी जय
माताकाली तेरी जय
शेरावाली तेरी जय
माता काली तेरी जय
झंडेवाली तेरी जय

रण में आके मैया तुमने
की दुष्टों पे चढ़ाई
क्रोध में आके शोर मचाके
खून की नदी बहाई
चंडी रूप में माँ तुम आई
सब भक्तों की बनी सहाई
की सबकी रखवाली
माता काली तेरी जय
शेरोंवाली तेरी जय

बच्चों को संकट से बचाकर
संकट हरनी कहलायी
काट-काट कर सारे कष्ट माँ
सुखकरनी कहलायी
अब अपने आँचल में ही रखना
भटक जाए तो पकड़ के रखना
ओ मैया शक्तिशाली
माता काली तेरी जय
शेरोंवाली तेरी जय

नमो नमो तुम्हें मात कालिका
नमो नमो तुम्हें जग कल्याणी
अपनी कृपा से बचा के रखना
दु:खों से हमको मात भवानी
देव और वैष्णव कहते हैं सब
बुरी नजर नहीं रहती है जब
जिसकी हो महाकाली
माताकाली तेरी जय
शेरोंवाली तेरी जय

माता काली तेरी जय
झंडेवाली तेरी जय
माताकाली तेरी जय
शेरावाली तेरी जय
माता काली तेरी जय

झंडेवाली तेरी जय

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%85%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%ac%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%82/